# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः एफ 7(4) चुनाव 2023 / अकाद / आकाशि / 02979 / दिनांकः

प्राचार्य
संबंधित राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—नगरीय निकाय उपचुनाव, 2023 मतदान के फलस्वरूप संबंधित महाविद्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः—राज्य निर्वाचन आयोग, राज का पत्र कमांक एफ.4(2)(2)नपा / रानिआ / 2023 / 5348 दिनांक 19.12.2023।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य के 08 जिलो के नगरीय निकाय उपचुनाव, 2023 के दृष्टिगत मतदान दिवस (09.01.2024 व 10.01.2024) को संबंधित राजकीय महाविद्यालयों, जिनमें मतदान केन्द्र स्थापित है एवं दिनांक 11.01.2024 मतगणना कार्य होगा, में आवश्यकतानुसार स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अधिकृत है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है —

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

(गोपाल राम बिरदा)
अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Signature valid

RajKaj Ref
5242482

Digitally signed by Gopal Ram Birda
Designation: Additional Commissioner
Date: 2023.12.28 11:26:08 IST
Reason: Approved

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर–302005)
email- secraj@rajasthan.gov.in Ph- 0141-2227280, 2227072

क्रमांकःएफ.4(2)(2)नपा/रानिआ/2023/5348 दिनांकः– 19.12.23

1. शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।

**विषय :– नगरीय निकायों के उपचुनाव माह जनवरी, 2024 – चुनाव कार्य हेतु शिक्षण संस्थानों के भवनों/फर्नीचर/कार्मिकों आदि के उपयोग हेतु।**

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के 08 जिलों में नगरीय निकायों के 08 सदस्यों के रिक्त पद पर उपचुनाव कराने हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की लोकसूचना दिनांक 26.12.2023 को जारी होगी एवं मतदान दिनांक 10.01.2024 को होगा। रिक्त पदों की सूची एवं आम चुनाव हेतु कार्यक्रम पत्र के साथ संलग्न है।

नगर निकाय निर्वाचनों हेतु मतदान केन्द्र संबंधित नगरीय निकाय सीमा में होंगे। नगरीय निकाय आम चुनाव में मतदान दल संबंधित मतदान केन्द्रों पर मतदान दिनांक 10.01.2024 से एक दिवस पूर्व अपराह्न तक पहुँच जायेंगे एवं मतदान दिवस को मतदान पूर्ण होने तक अपने मतदान केन्द्र पर ही रूकेंगे। जिन मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा वहां विद्यालय/महाविद्यालय भवनों का उपयोग मतदान केन्द्र के रूप में तथा मतदान दलों के ठहरने के लिये होगा। मतगणना कार्य संबंधित नगरीय निकाय मुख्यालय पर दिनांक 11.01.2024 को सम्पन्न होगी।

अतः संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र के जिन विद्यालय/महाविद्यालय भवनों का उपयोग मतदान केन्द्र के रूप में होगा, वहां दिनांक 09.01.2024 एवं 10.01.2024 तथा जहां मतगणना का कार्य होगा वहां दिनांक 11.01.2024 को भी संबंधित शिक्षण संस्था में अवकाश रखने एवं इनके उपयोग में लेने हेतु निर्देश जारी करें, साथ ही यह निर्देश भी संबंधित संस्था प्रधानों को जारी करें कि वे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के निर्देशानुसार उन्हें शाला भवन, फर्नीचर, कर्मचारियों की सेवायें उपलब्ध करावें।

संलग्नः– चुनाव कार्यक्रम एवं रिक्त पदों की सूची।

भवदीय,

(नारायण सिंह)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
एवं सचिव

क्रमांकःएफ.4(2)(2)नपा/रानिआ/2023/5349 दिनांकः– 19.12.23

प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजमेर, बांसवाड़ा, बीकानेर, दौसा, धौलपुर, डीडवाना–कुचामन/नागौर, पाली, एवं सवाई माधोपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(अंजू वर्मा)
सहायक सचिव

E:\NAGARPALIKA\00 NP\0 NP Main folder\By Election 2018-2020\F4(2)(2) NP SEC 2023_bye-election , 2023.doc
104

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

## नगरीय निकाय के उपचुनाव माह जनवरी, 2024 –

## उपचुनाव कार्यकम

| क. स. | कार्य का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 26.12.2023 (मंगलवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 30.12.2023 (शनिवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 01.01.2024 (सोमवार)<br>प्रातः 10:30 बजे से |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि | 03.01.2024 (बुधवार)<br>अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 04.01.2024 (गुरूवार) |
| 6. | मतदान की तिथि एवं समय | 10.01.2024 (बुधवार)<br>प्रातः 08.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| 7. | मतगणना की तिथि एवं समय | 11.01.2024 (गुरूवार)<br>प्रातः 9.00 बजे से |

परिशिष्ट–'अ'

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

## नगरीय निकायों के उप चुनाव –जनवरी, 2024
## उप चुनाव हेतु रिक्त वार्डों की सूची

| क. सं. | जिले का नाम | क. स. | नगरनिगम/नगर परिषद/नगरपालिका का नाम | रिक्त वार्ड का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर | 1. | न.प. केकडी | 09 |
| 2. | बांसवाडा | 2. | न.प. बांसवाडा | 09 |
| 3. | बीकानेर | 3. | न.पा. श्रीडूंगरगढ | 03 |
| 4. | दौसा | 4. | न.पा. महवा | 14 |
| 5. | धौलपुर | 5. | न.प. धौलपुर | 51 |
| 6. | डीडवाना– कुचामनसिटी / नागौर | 6. | न.प. कुचामनसिटी | 07 |
| 7. | पाली | 7. | न.पा. तख्तगढ़ | 17 |
| 8. | सवाई माधोपुर | 8. | न.प. सवाई माधोपुर | 05 |